# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 19 अप्रैल 2024, शुक्रवार

## <u>केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा राजस्थान के पाली में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु</u>

**पहले चरण के मतदान में भाजपा को बम्पर वोटिंग हो रही है।**

**********

**यह चुनाव 55 साल और 4 पीढ़ी से देश पर राज करने वालों और 10 सालों से गरीब कल्याण करने वालों के बीच है**

**********

**भाजपा की सीटों का ग्राफ ऊपर जाने वाला है**

**********

**ओबीसी को संवैधानिक मान्यता मोदी जी ने दी**

**********

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शुक्रवार को राजस्थान के पाली में जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान कैबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत, विधायक अविनाश गहलोत, लोकसभा प्रत्याशी पी.पी. चौधरी सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे। श्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। श्री शाह ने आदिवासी कल्याण, बुनियादी ढांचे के विकास और किसानों के समर्थन पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। श्री अमित शाह ने विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और इसकी तुलना राजस्थान में कांग्रेस सरकार की विफलताओं से की।

श्री शाह ने 1857 की क्रांति में देश के लिए लोहा लेने वाले ठाकुर कुशाल सिंह को प्रणाम करते हुए अपनी सभा की शुरूआत की। श्री शाह ने कहा कि पाली कपड़ों पर पेंटिग और टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री के लिए काफी मशहूर है। जिस प्रकार आप जब बाजार में कपड़ा जैसे पगड़ी या धोती लेने जाते हो, तो कपड़े को ठीक से देखते हैं, ठीक उसी प्रकार इस बार देश के प्रधानमंत्री आपको बनाना है, तो प्रत्याशी को ढंग से देखकर वोट डालें। आपके सामने **एक ओर 23 साल से बिना कोई छुट्टी लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर हर 3 महीने में विदेश में छुट्टियां मनाने वाले राहुल बाबा हैं।** श्री शाह ने कहा कि मुझे एयरपोर्ट आफिसर ने बताया कि इस समय गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है, मैने उस एयरपोर्ट आफिसर को बोला कि **गर्मी का ग्राफ जितना ऊपर जाएगा भाजपा कि सीटों का ग्राफ भी उतना ही ऊपर जाने वाला है। पहले चरण के मतदान में देशभर में बंपर वोटिंग हो रही है और जो मतदान केंद्र के अंदर जाता है, वह मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए ही बाहर आता है।** पिछले चुनाव में आपने 303 सीटें दीं थीं और इस बार मोदी जी ने कहा है कि 400 पार होगा।

कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपके सामने दो विकल्प है **एक ओर 55 साल और 4 पीढ़ी तक राज करने वाले नेहरू-गांधी परिवार हैं और दूसरी ओर श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने पिछले 10 सालों में करोड़ो गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला है।** एक ओर 12 लाख करोड़ की घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है, वहीं दूसरी ओर 23 साल में जिसपर 4 पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है ऐसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर सिर्फ दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देकर सत्ता का सुख भोगने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है, वहीं दूसरी ओर एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने वाले श्री नरेन्द्र मोदी हैं। **एक ओर हर 3 महीने में छुट्टी मनाने विदेश जाने वाले गांधी परिवार के शहजादे राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर 23 साल से दिपावली तक की छुट्टी लिए बगैर सरहद पर जाकर जवानों के साथ मिठाई खानो वाला नरेन्द्र मोदी है।** एक ओर 10 साल के अंदर आतंकवाद और नक्सलवाद को चरम सीमा पर पहुंचाने वाली पार्टी है और दूसरी ओर 10 सालों में आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेन्द्र मोदी है। **देश की जनता ने इस बार बहुत अच्छे तरीके से तय किया है कि इस बार कोई गलती, किन्तु-परन्तु नहीं करना है, अबकी बार 400 पार करना है।**

एनडीए के 400 पार करने के पीछे के कारणों को बताते हुए श्री शाह ने कहा कि श्री अमित शाह ने कहा कि ये लोग मुझसे पूछते हैं कि अबकी बार 400 पार क्यों करना है तो आज मैं उनको इस बात का जवाब देता हूं कि जब आपने 300 पार कराया तो हमने धारा 370 को समाप्त कर दिया, 300 पार कराया तो हमने भारत के अर्थतंत्र को 5वें नंबर का अर्थतंत्र बनाया, 300 पार कराया तो हमने सेना के जवानों को वन रैंक- वन पेंशन दिलाने का काम किया, 300 पार कराया तो हमने ट्रिपल तलाक को समाप्त कर दिया, 300 पार कराया तो विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम हमारी सरकार ने किया, 300 पार कराया तो हमने सीएए पारित कराया, 300 पार कराया तो हम यूसीसी लेकर आए और सबसे बड़ी बात आपने 300 पार कराया तो हमने अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनवाया।

श्री शाह ने कहा कि कहा कि कांग्रेस पार्टी 500 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटका, भटका और लटका रही थी। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण करवाकर राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की।** 500 वर्षों के बाद 17 अप्रैल को रामलला अपना जन्मदिन अपने भव्य मंदिर के अंदर मनाएंगे।  कांग्रेस पार्टी को जब निमंत्रण भेजा गया तो वह प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए, क्योंकि कांग्रेस पार्टी वोटबैंक की राजनीति पर काम करती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडर बनाया गया, सोमनाथ मंदिर एवं कालीमाता की शक्तिपीठ बनाया। कांग्रेस ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को जारी रखा था और कहते थे कि अगर देश में धारा 370 हटाई गई तो खून की नदियां बहेगी,  लेकिन **5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संभव हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को समृद्ध और सुरक्षित किया है।**

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस सरकार ने कभी पिछड़ा वर्ग के विकास पर ध्यान नहीं दिया, परंतु आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा पिछड़े समाज के लोगों को सम्मान देने का काम किया है।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया है। केंद्र सरकार में 37% सांसद, 27 मंत्री और प्रधानमंत्री जी स्वयं अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। भाजपा सरकार द्वारा पाली के विकास के लिए रेलवे

स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया, राजस्थान में सबसे अधिक लगभग 1,74,000 गैस सिलेन्डर पाली जिले में बांटे गए। स्वच्छ भारत योजना के तहत 85,000 शौचालय, जन धन योजना के तहत हजारों लोगों के बैंक खाते खोले गए। इसके अलावा पाली में 12,000 लोगों ने कौशल प्रशिक्षण लिया है, जिसके परिणामस्वरूप 9,000 लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा, श्री पीपी चौधरी और भाजपा सरकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में 50,000 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।

श्री शाह ने कहा कि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को घर, गैस, बिजली, शौचालय और ₹5 लाख तक का व्यापक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। श्री नरेन्द्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता अशोक गहलोत 2004 से 2014 तक राजस्थान में अपनी सरकार के काम का हिसाब नहीं दे सकते। श्री शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन सरकार के 10 वर्षों के दौरान, राजस्थान को ₹1.61 लाख करोड़ मिले, जबकि पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी राजस्थान को ₹6.24 लाख करोड़ दिए हैं। इसके अतिरिक्त, श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान को ₹2.5 लाख करोड़ प्रदान किए हैं, जिसमें सड़क निर्माण के लिए ₹1.3 लाख करोड़, रेलवे के लिए ₹1.11 लाख करोड़, हवाई अड्डों के लिए ₹7,000 करोड़ और रिफाइनरी के लिए ₹60,000 करोड़ शामिल हैं।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी देश के कल्याण के लिए काम नहीं कर सकती। श्री अमित शाह ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि **अगर वह तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए तो भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।** श्री अमित शाह ने कहा कि राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं, दलितों या अल्पसंख्यक समुदाय पर हमला करने की किसी में हिम्मत नहीं है। श्री भजनलाल की एसआईटी के गठन के बाद पेपर लीक करने वाले लोग राजस्थान से भाग गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री भजन लाल शर्मा ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम की, किसानों की फसलों के एमएसपी बढ़ाया है। श्री अमित शाह ने जनता से आग्रह किया कि वे भाजपा प्रत्याशी श्री पी.पी. चौधरी को कमल के निशान पर बटन दबाकर विजयी बनाएं और श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। **भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य '400 पार' के आंकड़े को पार करना और 'विकसित भारत' का निर्माण करना है।**

**********************